2020

HINDI — HONOURS

Paper : SEC-A-2

(Sahitya aur Hindi Cinema)

Full Marks : 80

The figures in the margin indicate full marks.

Candidates are required to give their answers in their own words as far as practicable.

1. निम्नलिखित वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 2×10

(क) 'बॉबी' फिल्म के निर्माता-निर्देशक का नाम बताइए।

(ख) राजनीतिक मुद्दों पर निर्मित किन्हीं दो हिन्दी फिल्मों के नाम बताइए।

(ग) 'नया दौर' फिल्म के नायक व खलनायक का नाम बताइए।

(घ) 'थ्री इडियट्स' में आमिर खान द्वारा निभाए गए पात्र के दोनों नाम बताइए।

(ङ) 'तारे जमीन पर' फिल्म के बाल कलाकार और उसके शिक्षक का नाम क्या है?

(च) भारतीय सेना के अभियानों पर आधारित किन्हीं दो फिल्मों के नाम बताइए।

(छ) 'मुन्ना भाई एम.बी.बी.एस.' फिल्म में संजय दत्त द्वारा अभिनीत पात्र की भाषा पर कौन-सी हिन्दी का प्रभाव दिखाया गया? फिल्म के निर्देशक का नाम बताएँ।

(ज) 'आंधी' फिल्म किस उपन्यासकार के किस उपन्यास पर आधारित है?

(झ) 'देवदास' और 'मदर इंडिया' फिल्म के निर्देशकों का नाम बताइए।

(ञ) दहेज प्रथा की बुराइयों को चित्रित करनेवाली किन्हीं दो हिन्दी फिल्मों के नाम लिखिए।

2. किन्हीं ***चार*** प्रश्नों पर टिप्पणी लिखिए : 5×4

(क) मल्टीप्लेक्स सिनेमाघरों की विशेषता व व्यावसायिकता पर टिप्पणी लिखिए।

(ख) हिन्दी सिनेमा ने भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन से स्वयं को कैसे जोड़ा?

(ग) विश्व में सिनेमा के उदय पर प्रकाश डालिए।

(घ) फिल्म निर्देशन के दौरान किन मुख्य तत्वों पर बल देना चाहिए?

(ङ) उदाहरणसहित समझाइए कि हिन्दी बाल-फिल्में बाल-मनोविज्ञान को चित्रित करने में कितनी सक्षम रहीं।

(च) फिल्म को रिलीज करने से पूर्व सेंसर बोर्ड की क्या भूमिका रहती है?

3. किन्हीं ***चार*** प्रश्नों के विस्तृत उत्तर दीजिए : 10×4

(क) 'अनमोल घड़ी' फिल्म की समीक्षा अपने शब्दों में लिखिए।

(ख) 'राजा हरिश्चंद्र' फिल्म की समसामयिक प्रासंगिकता पर प्रकाश डालिए।

(ग) फिल्म संपादन पर एक निबंध लिखिए।

(घ) हिन्दी सिनेमा में भारतीय समाज का यथार्थ किस प्रकार प्रतिबिंबित होता है? – सोदाहरण प्रकाश डालिए।

(ङ) सिने संगीत के मुख्य बिन्दुओं पर चर्चा कीजिए।

(च) 'मेरी कॉम' अथवा 'गर्म हवा' फिल्म की समीक्षा कीजिए।